तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जनवरी 2024

10 फरसगांव नगर में चालकों की हड़ताल का...


10 सेवा पूरी करके गांव पहुंचे फौजी हीरा सिंह का..




## खबर संक्षेप

### घायल बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत गहरीनबांधा निवासी 75 वर्षीय जानकी बाई पति महरूराम का 21 अक्टूबर को जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जिसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### वाहन पलटने से तीन लोगों को आई चोट

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत हिंदूबिनापाल के पहले पुलिया के पास सड़क दुर्घटना में वाहन पलटने से कुछ लोगों को चोटे आई थी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे नारायणपुर जिला निवासी 20 वर्षीय सूरज पोटाई पिता प्रमोद पोटाई ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी को दोपहर सवा 2 बजे हिनदुबिनापाल के पहले पुलिया के पास आरोपी नारायणपुर निवासी अजीत नेताम ने वाहन क्रमांक सीजी 04 डीजी 7814 को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने के कारण वाहन पलट गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वाहन में बैठे गुलशन पाण्डेय, अनिल नाग व राजकुमार नुरेटी को चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### महिला की हुई मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बांगाबारी निवासी 45 वर्षीय सुशीला शोरी पति लाल शोरी का ईलाज के दौरान 14 नवंबर को शाम 5 बजें जिला अस्पताल कांकेर में मौत हो गई। कोतवाली में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी नहरपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### टिन शेड व यात्री प्रतिक्षालय निर्माण के लिए 9 लाख स्वीकृत

**कांकेर।** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में निहित निर्देशों एवं प्रदत्त वित्तीय अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मण्डावी की अनुशंसा पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा 9 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भिरौद के ग्राम कापसपोटी में मंच के पास टिन शेड निर्माण के लिए 3 लाख तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्राम गोविन्दपुर में अटल चौक के पास यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के लिए 6 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई।

### फांसी लगाने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 75 भवानीपुर निवासी 26 वर्षीय कमलेश सरकार पिता गोविंद ने 25 दिसंबर को सुबह साढ़े 11 बजे फांसी लगाने से मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पखांजुर के निजी अस्पताल के वार्ड ब्वॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिस अस्पताल में लाया गया था। मृतक द्वारा फांसी लगाने के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बारदाना के अभाव में खरीदी प्रभावित

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोंदल में खरीफ फसल विवरण वर्ष 2023.24 धान खरीदी समर्थन मूल्य पर 1 नवंबर 2023 से प्रारंभ है। वर्तमान में खरीदी चल रही है जिसके तहत बारदाना के अभाव में किसान भटक रहे हैं। ग्राम पंचायत हाटकोंदल के किसान राजू सिघोडिया, बुधवार सिंह ठाकुर, राकेश सलाम, दुखू राम पटेल, धनीराम नायक, छन्नू पटेल, गायत्री बाई नायक ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ है।

# कर वसूली का लक्ष्य निर्धारित अवधि तक हर हाल में किया जाए

## करों की वसूली शत प्रतिशत करने आयुक्त का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सभी टैक्स को मिलाकर 17 करोड़ 73 लाख रुपये की वसूली में लगभग 9 करोड़ की वसूली हुई है। 25 दिसम्बर तक किए गए वसूली लगभग 47 प्रतिशत के आंकड़े छू रहा है। करों की वसूली पिछले वित्तीय वर्ष मार्च 2023 से प्रारंभ हुआ जो 11 माह में लक्ष्य के विरुद्ध 47 प्रतिशत दर्ज हुआ है। अब शेष 3 माह में 53 फीसदी करों की वसूली करने निगम के राजस्व कर्मियों और अधिकारियों को टारगेट पूर्ति का दबाव है। नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी तथा राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नेताम ने साफ शब्दों में कहा है कि कर वसूली का लक्ष्य निर्धारित अवधि तक हर हाल में किया जाए। जलकर का टारगेट पिछला मांग को जोड़ने से कुल 7 करोड़ 35 लाख वसूली के लिए प्रभारी को सबसे ज्यादा दौड़भाग करना होगा। लक्ष्य के विरुद्ध 25 दिसम्बर तक की स्थिति में 2 करोड़ 18 लाख रुपये की वसूली हुई है, जबकि अभी 3 माह के भीतर शेष 5 करोड़ 17 लाख रुपये का टारगेट पूरा करने का दबाव जलकर प्रभारी और पूरी टीम पर रहेगी। आयुक्त करों के लक्ष्य पूर्ति के लिए लगातार वसूली की समीक्षा कर रहे है। निगम के राजस्व शाखा से मिली जानकारी अनुसार



संपत्ति कर चालू और पिछला बकाया का लक्ष्य कुल 7 करोड़ 2 लाख रुपये के विरुद्ध 2 करोड़ 46 लाख याने 35 प्रतिशत से कुछ ज्यादा वसूली किया जा चुका है। अभी 4 करोड़ 55 लाख रुपये की वसूली किया जाना है। समेकित कर 1 करोड़ 7 लाख रुपये वसूला जाना है। दुकान किराया चालू मांग में शत प्रतिशत वसूली याने 9 करोड़ 3 लाख रुपये की वित्तीय वर्ष के पहले ही पूर्ति की जा चुकी है। जबकि पिछला बकाया 6 करोड़ 5 लाख रुपये वसूली किया जाना शेष है। अन्य करों की बात करें तो 6 करोड़ 5 लाख रुपये में 4 करोड़ 30 लाख रुपये याने सवा 71 प्रतिशत की वसूली की गई है।

### अंतिम वित्तीय वर्ष तक वसूली करें



नगर निगम में विभिन्न करों की वसूली का लक्ष्य अधिकारी-कर्मचारियों को दी जाती है यह सामान्य प्रक्रिया है। इस वर्ष भी राजस्व शाखा को वसूली का लक्ष्य दिया गया है। मैदानी अमला टारगेट पूर्ति के लिए जुटे हैं। 3 माह के भीतर चालू और पिछला बकाया को मिलाकर 10 करोड़ 70 लाख रुपये वसूलने का लक्ष्य है।

**हरेश मण्डावी,** आयुक्त नगर निगम

## हड़ताल : गीदम रोड से हाईवे तक निकाली रैली, वाहनों पर लगाया ब्रेक

# हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस और आटो नहीं चलने से लोगों को हुई परेशानी
- ऑटो से सवारियों को उतारकर जाने से रोका गया

हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों का तीन दिवसीय प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को चालकों ने गीदम मार्ग से रैली निकाली जो संजय बाजार, दंतेश्वरी मंदिर, मेनरोड होते हुए आनंद ढाबा चौक पहुंची जहां चक्काजाम कर वाहनों को रोका गया। वहीं शहर के अंदर भी ऑटो चालकों को रोका गया यात्रियों को उतारकर पैदल जाने कहा गया।

बस स्टेण्ड से कुछ बस भी रवाना हुई थी, जिसे रोक दिया गया। इस बीच शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्रों में चल रहे आटो से भी सवारियों को उतारकर पैदल जाने कहा गया। इसके बाद ऑटो चालकों ने सवारी लेकर जाने से इंकार कर दिया





इससे आम जनजीवन प्रभावित रहा। यात्री बस स्टैंड आने के बाद परेशान होकर अपने घर वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। वाहन चालक संघ के सदस्यों ने सुबह बस स्टैंड पर एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की और सरकार से काला कानून वापस लेने की मांग की है।

केन्द्र सरकार द्वारा हिट एंड रन मामले में नया कानून लागू किया गया है। इसके विरोध में सभी तरह के वाहन चालकों ने हड़ताल शुरू कर दिया है। इस बीच ट्रक चालक जहां है वहां पर खड़े हो गए हैं। वहीं पेट्रोल और डीजल के परिवहन में संलग्न सारे टैंकर के खड़े हो जाने से आने वाले दिनों में लोगों को पेट्रोलियम पदार्थों के संकट का सामना करना पड़ सकता है। गौरलतब है कि इस नए बिल के लोकसभा में पास होते ही वाहन चालकों में नाराजगी फैल गई है। अखिल भारतीय वाहन चालक संघ के आव्हान पर तीन दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन भी व्यापक असर देखने को मिला।

## दोपहिया को 1-2 व कार में 5-10 लीटर दे रहे पेट्रोल



**जगदलपुर।** शहर में 11 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जिसमें से एक आयल एवं एक एचपी पेट्रोल पंप में सुबह से शाम तक पेट्रोल मिला। पेट्रोल के लिए दो चक्के एवं कार की भीड़ रही। वाहन चालकों ने बताया कि ट्रक एवं बस चालकों के हड़ताल के चलते शहर में दो पेट्रोल पंप में ही पेट्रोल मिल रहा है, इसलिए वे बाइक, स्कूटी आदि दोपहिया वाहनों एवं कार में फुल टैंक भराने के लिए पहुंचे। पेट्रोल पंप वाले दो चक्के में 1-2 लीटर एवं कार को 5-10 लीटर पेट्रोल दे रहे हैं। पुलिस पेट्रोल पंप के प्रभारी एएसआई एचआर साहू एवं प्रधान आरक्षक नितेश बघेल ने बताया कि सबको पेट्रोल मिल सके, इसलिए दो चक्के में 2 लीटर एवं कार में 5 लीटर पेट्रोल दिया जा रहा है। साथ ही अस्पताल जाने के लिए दो चक्के एवं कार में इससे अधिक पेट्रोल दिया जा रहा है, जिससे लोग परेशान नहीं हो सके। चालकों के हड़ताल से एक टेंकर एक ही दिन समाप्त हो रहा है।

**2-3 दिन में एक टेंकर-** एनएच में स्थित सोढ़ी पेट्रोल पंप के कर्मचारी सुंदर दास मानिकपुरी ने बताया कि सामान्य दिन में दो से तीन दिन में एक टेंकर पेट्रोल एवं एक टेंकर डीजल की जरूरत होती है। बुधवार को टेंकर पहुंचने पर पेट्रोल एवं डीजल दिया जाएगा।

# अवैध टैक्सियां व ऑटो पर कार्रवाई करने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में बेखौफ अवैध टैक्सियां एवं ऑटो चल रहे हैं। आरटीओ की टीम ने अवैध टैक्सियों के खिलाफ कार्रवाई करने अभियान शुरू करेगा।

संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से विभिन्न सड़कों सहित सीमावर्ती राज्य आड़िशा के कोटपाड़, आंध्रप्रदेश जाने वाले रोडों में बेखौफ अवैध टैक्सी चल रहे हैं। इसकी शिकायत परिवहन विभाग को शिकायत मिलने पर विभाग के धनपूंजी स्थित चेकपोस्ट प्रभारी की टीम ने विभिन्न सड़कों में चलने वाले टैक्सियों को जांच कर कार्रवाई की, उसके बाद भी टैक्सी एवं ऑटो चालकों का ध्यान नहीं।



### नियमों का उल्लंघन न करें

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिषभ नायडू ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इसके लिए कार्रवाई के लिए शीघ्र ही अभियान शुरू किया जाएगा।

# दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

- आत्मसमर्पण में 208 वाहिनी कोबरा का रहा विशेष योगदान

किस्टाराम क्षेत्र में सर्किय दो नक्सलियों ने आज पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। आईजी सुन्दरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप तथा सीआरपीएफ डीआईजी सुनीत कुमार राय रेंज कोंटा के मार्गदर्शन एवं एसपी किरण चव्हाण, जितेंद्र कुमार ओझा कमाण्डेन्ट 208 वाहिनी कोबरा के निर्देशन तथा प्रभात कुमार एएसपी नक्सल ऑप्स., गौरव मण्डल एएसपी कोण्टा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मरईगुड़ा के पर्यवेक्षण में पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर दो नक्सलियों ने आज आत्मसमर्पण किया है। नक्सली संगठन में सक्रिय निर्मलगुड़ा आरपीसी मिलिशिया सदस्य कलमू जोगा




पिता स्व. सुकड़ा उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी पुट्टेपाड़ व डीएकेएमएस सदस्य कलमू दुला पिता स्व. जोगा उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी पुट्टपाड़ थाना किस्टाराम ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में परमेश्वर तिलकवार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा एवं हेमंत प्लास सहायक कमाण्डेन्ट 208 वाहिनी कोबरा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

# प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहुंचे किरण देव ने किए देवी दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधायक जगदलपुर निर्वाचित होने के बाद किरण देव को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व भाजपा संगठन ने सौंपा है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद किरण देव बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना करने शक्तिपीठ दंतेवाड़ा पहुंचे। मंगलवार को उन्होंने देवी दर्शन कर प्रदेशवासियों की समृद्धि और बस्तर में शांति की कामना की। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में उनका जोशिला स्वागत भाजपाईयों ने किया। पत्रकारों से चर्चा में किरण देव ने कहा कि प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ भाजपा को समर्थन देकर सरकार बनाने का दायित्व सौंपा है उस पर पूरी तरह से खरा उतरने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम एक-



एक कर सभी घोषणाओं को पूरा करने में जुटी है। मुझे संगठन की जो जिम्मेदारी मिली है उस पर खरा उतरने के लिए हर संभव सबके सहयोग से प्रयास करूंगा। पार्टी की मजबूती और आने वाले लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट में विजय हासिल करने के लिए एक-एक कार्यकर्ताओं की मेहनत से फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बनाकर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अभी से तन, मन, धन से महाअभियान में जुट जाने की अपील की।

## 11 कृषि उपज मंडी में डेढ़ माह से नहीं हुआ मुहूर्त

# सीमावर्ती राज्य के नाके में हो रही अवैध धान की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- उपमंडी में धान 1035, इमली 1500 क्विंटल की आवक

बस्तर संभाग के सीमावर्ती राज्यों के नाकों में प्रशासन की टीम अवैध धान की निगरानी की जा रही है, जिसके चलते मंडी में उपज की आवक नहीं हो रही है। यही कारण है कि दीपावली पर्व के बाद बस्तर संभाग की 11 मंडियों में व्यापारी मुहूर्त की खरीदी करते हैं। उपजों की आवक के अभाव से इस वर्ष दीपावली पर्व होने के डेढ़ माह तक यह खरीदी का मुहूर्त नहीं हो पाया। मंडी व्यापारियों के अनुसार दीपावली के एक सप्ताह में खरीदी के लिए मंडी में मुहूर्त किया जाता है। संग्राहक आवक लेकर मंडी तक नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे खरीदी में विलंब हुआ है। वहीं दूसरी ओर बस्तर जिले के मूली उप मंडी में एक दिन में इमली 1500 क्विंटल, धान 63 क्विंटल, मक्का





150 क्विंटल, तोकापाल उपमंडी में धान 102 क्विंटल एवं मक्का 972 क्विंटल की आवक हुई। इमली 2500-3500 रूपए क्विंटल में व्यापारियों ने खरीदी-बिक्री की।

### उपज की आवक नहीं

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक श्रीनिवास मंगम ने बताया कि निगरानी के चलते संभाग के 11 मंडियों में उपज नहीं होने से अब तक व्यापारियों ने उपज की खरीदी-बिक्री का मुहूर्त नहीं किया।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में शिक्षक गौतम की मौत



**कोण्डागांव।** वर्ष 2024 के प्रथम दिन ही कोण्डागाव के गौतम परिवार पर टूटा आफत का पहाड़। कोण्डागांव नहरपारा निवासी शिक्षक बल्लू सिंह गौतम अपने स्वयं के मोटर साइकल से जगदलपुर से इलाज कराकर कोण्डागांव आते वक्त लगभग शाम 7.30 बजे घोडागांव के पास बोलेरो वाहन से दुर्घटना ग्रस्त हो गए। तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कोण्डागांव से जगदलपुर की ओर जा रही वाहन ने जोरदार ठोकर मारा, जिसके कारण शिक्षक गौतम की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। घटना के बाद कोण्डागांव पुलिस जांच में जुट गई। हंसमुख स्वभाव व कर्मठ शिक्षक की मौत पर पूरे क्षेत्र व शिक्षा परिवार में शोक की लहर है।

### जोधापुर में मड़ई 19 जनवरी को

**धमतरी।** शहर के जोधापुर वार्ड में वार्डवासियों के सहयोग से 19 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। आशीष रात्रे ने बताया कि रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन की तैयारी में योगेश्वर सिंह चौहान, विनय डहरिया, प्रीतम सिन्हा, गोविंद साहू, ईश्वर साहू ,संत कुमार साहू, दीपेश साहू समेत अन्य जुटे हैं।

### गुजरा में पांच से रंगारंग कार्यक्रम

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में 5, 6, 7 जनवरी को रंगारंग कार्यक्रम व मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। बजार ठेकेदार मेहत्तरू पटेल ग्राम गुजरा ने बताया कि 5 जनवरी शुक्रवार को ग्राम में मड़ई रखी गई है। रात्रि में भण्डारपुर डोंगरगांव का छत्तीसगढ़ी नाचा होगा। संपूर्ण खर्च बाजार ठेकेदार द्वारा उठाया जा रहा है। शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक धमतरी, कोतवाली धमतरी और भखारा थाना को लिखित में आवेदन दिया गया है।

### लिमतरा में मानसगान सम्मेलन 12 से

**धमतरी।** मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को जन-जन तक पंहुचाने के उद्देश्य से श्री अनुराग मानस प्रचार समिति शीतला चौक लिमतरा में 12, 13, एवं 14 जनवरी को मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी में कार्तिकराम साहू, भावेंद्र अग्रवाल, घनश्याम, कोमलराम, दिनेश ध्रुवंशी, शिक्षक घनश्याम सिंह साहू जुटे हुए हैं।

### जिले में आज लगेंगे संकल्प शिविर

**धमतरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में दो जनवरी को जिले के चारों विकासखण्डों में संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। धमतरी विकासखण्ड के परपुटी(अरौद डु), बरबांधा, कुरूद विकासखण्ड के पचपेड़ी, बोरझरा, मगरलोड विकासखण्ड के कुल्हाड़ीकोट, मारागांव, परसाबुड़ा, बोईरगांव और नगरी विकासखण्ड के डोकाल, आमगांव, खैरभर्री तथा कट्टीगांव में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने शिविर में लोगों से आधार कार्ड का पंजीयन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और पेंशन योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

**हड़ताल :** पेट्रोल व डीजल लेने पंप में लग रही भीड़, कुछ पंप का स्टॉक खत्म

# फरसगांव नगर में चालकों की हड़ताल का दिखा व्यापक असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों का दूसरे दिन हड़ताल जारी रहा। कोण्डागांव जिले के फ़रसगांव नगर के बस स्टैंड में भी ऑटो और टैक्सी ड्राइवर हड़ताल पर बैठ गए हैं, जिसका असर दिखाई दिया। बीती शाम से ही पेट्रोल डीजल भरवाने के लिए लोगों की भीड़ लगी, जिसके चलते शहर के कुछ पेट्रोल पंप का स्टॉक खत्म हो गया, जिसकी वजह से उन पम्पों में पेट्रोल डीजल नहीं मिल पाया, जबकि कहीं पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डीजल दिया जा रहा है, जहां पर लोगों की भीड़ लग रही है।

2 जनवरी को नगर के ऋतुजा पेट्रोल पंप में सुबह से ही लोगो की भीड़ जमा हो गई है, पंप में स्टॉक को देखते हुये प्रति व्यक्ति को 200 का पेट्रोल और 500 का डीजल दिया जा रहा है। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा स्टॉक के हिसाब से लोगों को पेट्रोल और डीजल दिया गया। ड्राइवरों के हड़ताल से यात्रियों को भी परेशानी हो रही है, सड़कों पर बसे व अन्य सवारी वाहन नहीं चलने से लोग अपने निजी वाहनों या मोटर साइकल से अपने मंजिलों तक जाने के लिए



मजबूरन सफर कर करना पड़ रहा है, ड्राइवर नहीं मिलने से वाहन मालिक खुद वाहनों को चलाकर अपने काम कर रहे हैं। वहीं हड़ताल का असर किसानों पर भी पड़ रहा है, किसान गर्मी फसल की तैयारियों में लगे हुवे है, लेकिन डीजल की कमी के कारण उनका भी काम नही ही पा रहा है, किसानों के खेतों की जुताई, खेतों का मरम्मत कार्य, सिचाई का काम नही हो पा रहा है, ट्रैक्टर से होने वाले सभी कामों में दिक्कत आ रही है। व्यापारी भी परेशान है।

### यात्रियों को हो रही परेशानी, खुद चला रहे हैं वाहन

यात्रियों ने बताया कि वह अपने निजी कार्य से बस व अन्य सवारी वाहन में जाने वाले थे, लेकिन मजबूरन खुद को कार चलाकर जाना पड़ रहा है तो कुछ लोगों ने बताया कि बस नहीं चलने से उन्हें मजबूरी में बाइक में अधिक दूरी तय करना पड़ रहा है। कुछ लोगों के पास वाहन है, लेकिन ड्राॅइवर नहीं है, ड्राइवरों की हड़ताल के चलते उनको ड्राॅइवर नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनका भी काम नहीं हो पा रहा है। प्राइवेट स्कूल के ड्राॅइवर भी हड़ताल में चले उन स्कूल की वाहन बंद रही, जिसके चलते पालकों को अपने बच्चों को खुद स्कूल छोड़ना और लाना पड़ा।



## पेट्रोल पंप पर लंबी-लंबी लाइन, बसों के पहिए भी थमे

**केशकाल।** केशकाल चालक संघ संगठन ने केशकाल के विश्रामपुरी चौक में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए हिट एंड रन कानून के संशोधन के विरोध में आज केशकाल नेशनल हाईवे बंद कर दिया है, केशकाल में आज साप्ताहिक बाजार भी है और साप्ताहिक बाजार के दिन आम दिनों से ज्यादा भीड़ रहती है। हड़ताल के चलते केशकाल चालक संघ ने विश्रामपुरी चौक पहुंचकर बड़ी गाड़ियों को पूर्णतः बंद करवा दिया है। जो बड़ी गाड़ियां गिनती की चल रही थी, उसे भी ट्रक चालक संघ ने बंद करवा दिया है।

पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में नए कानून के विरोध में ट्रक ड्राइवर एवं चालक संघ हड़ताल पर है, तीन दिवसीय हड़ताल का आज दूसरा दिन है और यूनियन काफी आक्रोश में दिख रहे हैं। जगदलपुर से रायपुर और रायपुर से जगदलपुर की ओर चलने वाली बसों के पहिए भी हड़ताल के चलते थम गए हैं, लोग पेट्रोल पंप पर लंबी-लंबी लाइन लगाकर पेट्रोल और डीजल खरीद रहे हैं लोगों को आशंका है कि आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की दिक्कत हो सकती है।

## 14 दिवसीय क्रिकेट समापन में मुख्य अतिथि बन पहुंचे मरकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव के पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहन मरकाम को राजागांव मे आयोजित 14 दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर आयोजक मंडल व युवा खिलाडियों ने मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

मोहन मरकाम ने आमंत्रण स्वीकार कर क्रिकेट समापन मे पहुंच खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रगान के साथ फाइनल मैच का शुभारम्भ किया और कहा खेल में हार जीत लगा रहता है। हार अगली जीत के लिए प्रेरणा देती है। विजयी टीम को बहुत बहुत बधाई। खेल को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए। क्रिकेट समापन कार्यक्रम मे मोहन मरकाम के साथ



दशरथ नेताम, बुधराम नेताम, दुकारू मंडावी, धीरपाल दास ,जगदेव कोर्राम, समलू पोयाम ,लखन पोयाम, गणेश नेताम, मुंगली बाई, कोर्राम चंदर सिंग कोर्राम शामिल रहे।

## नए साल पर ग्राम विकास में कर्मचारियों की भागीदारी परिकल्पना के तहत आठ वर्षों की परम्परा रही जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम दाढिया में कर्मचारी अनुदान और युवा संगठन समिति के तत्वावधान में नववर्ष के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम विकास में कर्मचारियों की भागीदारी की परिकल्पना करने वाले दिनेश कुमार शार्दुल, राजूराम मरकाम, रामसिंह मरकाम, शिवराज नेताम, जयलाल मरकाम और समस्त सदस्यों की पूर्ण भागीदारी से साल 2017 से प्रतिवर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर आंगनबाडी, प्राथमिक और





माध्यमिक शाला के छोटे–छोटे बच्चों, ग्रामीण जनों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई।

**मौजूद रहे ये-** इस दौरान कर्मचारी अनुदान समिति के विनोद नेताम, सुनिल मरकाम, राजेंद्र ठाकुर, ललेश्वरी ठाकुर, अंजली मरकाम, नीलम नेताम, ललेंद्र नेताम, अमरबती मरकाम, धामी मरकाम,मानसिंह ठाकुर, रामेश्वर मरकाम युवा संगठन के योगेश, किरन, दीपिका, नरेंद्र, पूनम, हरेंद्र, पार्थिव, सुनिता, सीमा, रमिया, ममता, वंदना, किशन और ग्रामवासी मौजूद रहे।

### खेले गए दौड़ खो–खो, व्हालीबाल, रस्सा खींच, कुर्सी दौड, मटका फोड़

इस आयोजन में दौड खो–खो, व्हालीबाल, रस्सा खींच, कुर्सी दौड, मटका फोड, का आयोजन किया गया। वहीं संध्या के समय युवा संगठन व बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खेमचंद नेताम जिला पंचायत सदस्य, दिनेश कोर्राम जनपद सदस्य, अनिरुद्ध नेताम सरपंच, मिलचंद ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य के द्वारा किया गया।

### ग्राम विकास में कर्मचारियों की भागीदारी

इस अवसर पर ग्राम दाढिया के प्रथम शिक्षक जिन्होंने 1980 में स्कूल खोलकर शाला संचालित किए। शिक्षा का अलख जगाने वाले चुन्नी लाल मेश्राम जो पूर्व में बीआरसी रहे, का ग्रामवासियों के द्वारा सम्मान किया गया। ग्राम विकास में कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने प्रतिवर्ष आयोजन किया जा रहा है। ग्राम स्वास्थ्य और शिक्षा सहायता समूह में युवा संगठन आगे बढ रहें हैं।

## नववर्ष पर बच्चों को सुनाई वीर बालकों की कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक



शाला जोन्दरा पदर में नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजन किया गया। बच्चों में प्रतियोगिता की भावना प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेधावी बच्चों का सम्मान किया। संकुलस्तरीय कबाड से जुगाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले नूतन, राखी उर्वशी राधिका एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले साहिल व प्रीतम को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### रंगारंग कार्यक्रम ने मोहा दर्शकों का मन

इस अवसर पर बच्चों ने शाला की प्रधान पाठक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसे भरपूर सराहना मिली। साथ ही वीर बालक साहबजादों की वीरता की कहानी से बच्चों को परिचित कराया। बच्चों के लिए वनभोज का भी आयोजन किया गया। समरोह को सफल बनाने में स्मिता नेताम व स्वसहायता समूह की महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फ़रसगांव की टीम ने खिताब पर किया कब्जा



**फ़रसगाव।** ब्लॉक के ग्राम चिचाड़ी में युवा संगठन द्वारा क्रिकेट क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका समापन 02 जनवरी मंगलवार को किया गया। अंतिम फाइनल मैच फ़रसगांव वार्ड 03 इलेवन और चिचाड़ी राज क्लब इलेवन के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फ़रसगांव की टीम ने 8 ओवरों में 151 रन बनाए जिसमे मनीष बघेल ने 19 गेंदों में 55 रन, शशिकांत टांडिया ने 13 गेंदों में 57 रन, विप्लव घोष ने 4 गेंदों में 14 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिचाडी की टीम लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाई और मैच हार गई। इस तरह फ़रसगांव वार्ड क्रमांक 03 इलेवन ने किताब पर कब्जा किया। आयोजक समिति के द्वारा विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 21000 रुपए नगद राशि पर ट्रॉफी दिया गया और उपविजेता टीम को 11111 रुपए और ट्रॉफी दिया गया। वही फ़रसगांव के अपडेट मेंस वेयर के संचालक द्वारा खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार भी दिया गया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बेस्टमेन इन तीनों को विप्लव घोष को दिया गया । मैन ऑफ़ द मैच शशिकांत डांडिया को दिया गया । इस दौरान ग्राम सरपँच नरसू नेताम सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे ।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखण्ड के ग्राम झाटीबन में 2 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची, जहां ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का बताये हुए पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ प्रदाय किया गया।

इस आयोजन में सबसे पहले ग्राम झाटीबन में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ पहुचने पर ग्रामीणों ने रथ का पूजा कर उत्साहपूर्वक स्वागत किया। जिसके बाद सभी को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया। सभी विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार को योजनाओं के बारे में बताया गया। इस आयोजन में ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं के लिए आवेदन दिया गया, कुछ आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया और बाकी आवेदनों के लिए समय दिया गया। इस आयोजन में ग्राम झाटीबन सरपंच मानसिंह कोर्राम, उपसरपंच, पंच सहित सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**फौज में सेवा करके मिली आत्मिक शांति व आनंद**

# सेवा पूरी करके गांव पहुचे फौजी हीरा सिहं का हुआ जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आज भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कोर से 19 वर्ष देश की सेवा करने के पश्चात सेवानिवृत्त होकर नायक हीरा सिंह कोर्राम का दहीकोंगा पहुंचने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सदस्यों, परिवारजन, मित्रगण और भाखरा गांव के निवासियों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। रिटायर्ड फौजी के दहीकोंगा चॉक पहुंचने पर आतिशबाजी के साथ उनके परिवारजन, संगठन के सदस्यों, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहीकोंगा के समस्त शिक्षक गण एवं स्कूली बच्चों के द्वारा तिलक आरती उतारकर और पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय जवान जय किसान के नारों से पूरा दहीकोंगा चॉक गूंज उठा।

### डीजे की धुन पर निकाला स्वागत जुलूस

इसके बाद बस्तर की संस्कृति मांदरी नाच और देशभक्ति गीतों के साथ डीजे की धुन पर दहीकोंगा से जुलूस उनके निवास स्थान भाखरा गांव तक पहुंचा। इस दौरान विभिन्न समाज के लोगों और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहीकोंगा के स्कूली बच्चों ने अलग–अलग स्थानों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। नायक हीरा सिंह कोर्राम ने कहां की 19 वर्ष देश की सेवा करके जो सुख और आनंद की अनुभूति मिली है, वह कहीं और नहीं मिल सकती। मैं अपने जिलों के नौजवानों से आह्वान करता हूं कि सेना में भर्ती के लिए आगे आएं और देश की सेवा करें। रिटायर्ड फौजी ने बताया कि भारतीय थल सेना में 20 दिसम्बर 2004 को उनका सिलेक्शन हुआ था, उसके बाद उनकी ट्रेनिंग लखनऊ में हुई, ट्रेनिंग के बाद पहली पोस्टिंग कुपवाडा में हुई। इसके बाद अमृतसर, असम, मुंबई, श्रीनगर में उन्होंने अपनी सेवा प्रदान की और 31 दिसंबर 2023 को मध्यप्रदेश से सेवानिवृत्त हुआ।

### अपनों से सम्मान पा कर निहाल हुआ फौजी

रिटायर्ड फौजी ने कहा कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव, जनप्रतिनिधियों और भाखरा ग्रामवासियों ने जो आज मुझे मान सम्मान दिया है, इसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगा। और मैं भी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव से जुडकर समाज सेवा में अपना योगदान दूंगा । इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकडा, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर ध्रुव, सेवारत सैनिक घिनाराम नेताम, रविंद्र नेताम, अनिल यादव, लछीनदर, भारत कोर्राम, रामेश्वर, शीलूराम, मनीराम नेताम, जनपद उपाध्यक्ष मनोज सेठिया, सरपंच प्रेमसिह नेताम,जनपद सदस्य गुड्डन पोयाम, अय्यब हुसैन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहीकोंगा के शिक्षकगण एवं स्कूली बच्चे, भाखरा गांव के ग्रामवासी और उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## चिचडोंगरी में सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर एनएसएस कैंप का हुआ समापन

**कोण्डागांव।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव अध्ययन इकाई के द्वारा दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई उसके पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने योग एवं व्यायाम किया उसके पश्चात चारो दल अपने परियोजना कार्य एवं सर्वे के लिए गए उसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर ग्राम चिचडोंगरी में समापन में उपस्थित मुख्य अतिथि जैन राज्य सलाहकार सदस्य एवं कार्यक्रम अध्यक्षता प्राचार्य छ.ज्ञ नायक प्राचार्य शा.बालक. उ.मा.वि एवं ग्राम चिचडोंगरी सरपंच श्रीमती जंगली कोर्राम उप सरपंच नारायण नेताम एवं अन्य पंच गढ एवं समाज सेवी मोहन कोठरीया एवं व्याख्याता मजूमदार एवं व्याख्याता राजेश पांडे यह सभी समापन में उपस्थित रहे । उनका स्वागत स्वंय सेवको के व्दारा बस्तर की संस्कृति मांदरी नाचा एवं पुष्प गुच्छ और बेच लगाकर किया गया एवं मुख्य अतिथि आरके.जैन के द्वारा ग्रामीणों के बीच अपने उत्भोदन से ग्रामीणों को नशा मुक्ति एवं स्वच्छता बनाएं रखने के लिए प्रेरित किया एवं सेवा योजना समिति के अध्यछ मोहन कोटरणिया संचेती श्रीमती ज्योति जैन किशोर सिहं देवडा के सौजन्य से ग्रामीणों में कंबल,साडी, एवं छोटे बच्चों को गर्म कपडे दिए तत पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वंय सेवकों ने स्वच्छता, अनुशासन, रक्तदान आदि के विषय में नाटक एवं नृत्य करके ग्राम वासियों को जागरुक किया गया तत पश्चात दो स्वंय सेवको को बेस्ट स्वयं सेवको के रुप मे स्मृति चिन्ह से उन्हे पुरुस्कारित किया गया साथ ही साथ यहाँ आए हुए अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और रक्तदान किये हूए स्वंय सेवकों को भी पुरस्कृत किया गया।

## खबर संक्षेप

### रैली निकाल कर चालक संघ ने किया प्रदर्शन




**मद्देड़।** हिट एंड रन कानून को लेकर चालक संघ का प्रदर्शन जारी है। दूसरे दिन मंगलवार को चालक संघ ने जुलूस निकाल नारेबाजी कर रैली निकालकर नए कानून का विरोध किया। आपराधिक कानूनों में बदलाव की वजह से हिट एंड रन मामलों में सजा बढ़ गई है। जिससे देश भर में ट्रक चालकों व बस ऑपरेटरों का विरोध शुरू हो गया है। इस नए कानून के तहत फरार और घातक दुर्घटना की सूचना न देने पर चालकों को 10 साल तक की जेल हो सकती है। ट्रक व बस चालकों ने विरोध प्रदर्शन कर नए कानून के खिलाफ पुराने कानून को यथावत रखने की मांग की है। चालकों ने बताया कि नया कानून ट्रक व बस चालकों के खिलाफ बना है, यदि यह कानून लागू हो गया, तो वाहन चालक वाहन चलाने में संकोच करेंगे।

### आज से 5 जनवरी के मध्य होगा विशेष ग्राम सभा

**बीजापुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लंबित 18 लाख आवास स्वीकृति हेतु प्रथम मंत्री परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है। जिला बीजापुर में आवास प्लस और पीडब्यूएल अंतर्गत सर्वेक्षित परिवारों की सूची उपलब्ध है तथा राज्य शासन द्वारा 3 से 5 जनवरी 2024 तक जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्रामों में योजनांतर्गत सर्वेक्षित सूची के पात्रता का निर्धारण किये जाने हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने पत्र जारी करते हुए प्रसारित करने हेतु जनपदों को आदेशित किया है।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 से

**बीजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई-दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूची प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 जो है, अंतिम प्रकाशन मतदाता सूची के अनुसार होना है। मतदाता सूची का पूर्ण रूप से शुद्ध होना अति आवश्यक है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 से 22 जनवरी के दौरान समस्त मतदान केन्द्रों के बूथलेवल अधिकारी एवं अविहित अधिकारियों के द्वारा मतदाताओं से दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा।

# ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का दिखा असर

## नगर के पेट्रोल-पंपों में भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

हिट एंड रन कानून के विरोध में मालवाहक और यात्री वाहन चालकों की तीन दिनी राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को व्यापक असर देखा जा रहा है। जिसके कारण नगर के पेट्रोल पंपों पर सुबह से भारी भीड़ रही।

नगर के दोनों पेट्रोल पंप पर सुबह से लाइनें लगी हुई थी। दोपहर तक एक पेट्रोल पंप का ईंधन खत्म हो गया। जिससे दूसरे पेट्रोल पंप पर भार बढ़ गया और दिन भर लंबी कतार लगी रही। इसका असर स्कूलों पर भी दिखा। वहीं सब्जी मंडियों में इसका असर दिखा। मालवाहक गाडिय़ां सब्जी बाजारों में नहीं पहुंची। हड़ताल से बस स्टैंड में सुबह से यात्री परेशान दिखे। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव ने सभी कलेक्टरों को पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून का जमकर विरोध हो रहा है।

कई संगठन इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। गौरतलब है कि हिट एंड रन के नए कानून के तहत केंद्र सरकार ने 10 साल की सजा एवं भारी जुर्माना लगाने का प्रावधान लागू किया है। हड़ताल से लंबी दूरी के यात्री सबसे ज्यादा हलाकान दिखे।

## ड्राइवरों की हड़ताल से जिलेवासियों को नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



राज्य सहित जिले में ट्रक चालकों की हड़ताल को देखते हुए कलेक्टर हरिस. एस ने आज बैठक लेकर आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी गैस जैसे आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिससे आवश्यक वस्तुओं की किल्लत नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल एक सप्ताह के लिए पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था है। इसके साथ ही अंतर्राज्यीय जिला और सीमावर्ती जिले से आने वाले आवश्यक वस्तु पुलिस प्रशासन की सुरक्षा में पर्याप्त आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की सतत परिवहन एवं आपूर्ति हेतु सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। जिले में किसी भी आपातकालीन परिस्थिति उत्पन्न होने पर एसडीएम सुकमा प्रीति दुर्गम, एसडीएम कोंटा श्रीकांत कोर्राम और एसडीएम छिंदगढ़ प्रताप विजय खेस्स से संपर्क कर सकते है।

# स्कूल खुला पर शिक्षक व बच्चे नदारद




हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

स्कूल खुलने के बाद भी बच्चों व शिक्षकों के सिर से शीतकालीन छुट्टियों की खुमारी नहीं उतरी है। 1 जनवरी से स्कूल खुलने के बाद भी बच्चे व शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे। यह नजारा ब्लाक मुख्यालय में स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिला, जहां स्कूल खुलने के बाद भी शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत बच्चे नदारद रहे। जब ब्लाक मुख्यालय की यह स्थिति है, तो अंदरूनी स्कूलों का क्या हाल होगा विचारणीय है।

ब्लाक मुख्यालय में स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपालपटनम में सोमवार लगभग 10.30 बजे स्कूल खुला रहा। इस समय सफाई महिला कर्मचारी स्कूल की सफाई कर बैठी रही। लेकिन स्कूल में न तो शिक्षक-शिक्षिकाएं थी और ना ही प्राचार्य, चपरासी व विद्यार्थी पहुंचे थे। सोशल मीडिया में तस्वीरें वायरल होने के बाद कुछ शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल पहुंचे थे। जब मुख्यालय स्थित स्कूल का ऐसा नजारा है, तो अंदरूनी क्षेत्रों में स्थित स्कूलों और आश्रम शालाओं का क्या होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस संबंध में जब खंड शिक्षाधिकारी कंडिक नारायण से पूछा तो उन्होंने कहा कि यह मामला उच्चाधिकारियों से संबंधित है। हम ना तो हस्तक्षेप कर सकते है और ना ही नोटिस जारी कर सकते है। हां अधिकारियों को इसकी जानकारी देंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण पहुंचे गीदम...



**गीदम।** प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार गीदम पहुंचने पर विधायक किरण देव का भाजपाइयों ने उनका आतिशबाजी, पुष्प वर्षा व ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद खुली जीप में सवार होकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने रैली की शक्ल में नगर में रोड शो किया। नगर पंचायत गीदम के सामने से लेकर हारम चौक तक जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान पारंपरिक आदिवासी नर्तक दल भी मौजूद रहा। नगर के नगर पंचायत कार्यालय के सामने से स्वागत का जो क्रम प्रारंभ हुआ वो हारमपारा, कारली, भाजपा कार्यालय से आवराभाटा से लेकर गायत्री मंदिर तक चलता रहा। इस दौरान भाजपाइयों की बड़ी भीड़ जुटी थी। जिसमें भाजपा के सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नए कानून के विरोध में चालक संघ ने किया धरना प्रदर्शन

## केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर





तीन दिवसीय ब्रेक डाउन के दूसरे दिन मंगलवार को स्थानीय बस स्टैंड पर वाहन चालकों ने जमकर नारेबाजी की। विरोध में धरना प्रदर्शन व चक्का जाम करते हुए वाहनों को रोकते रहे। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में आंदोलनकारी जमा हुए थे। धरना प्रदर्शन व जमकर नारे बाजी करते हुए नए कानून का विरोध किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन में ज्ञापन के माध्यम से संघ द्वारा 1 जनवरी को बीजापुर बस स्टैंड से विरोध प्रदर्शन एवं तिरंगा यात्रा निकाला गया। 2 जनवरी को समस्त ड्राइवरों द्वारा स्टेरिंग छोड़ काला पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया व 3 जनवरी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

स्थानीय नए बस स्टैंड में ड्राईवरों को समर्थन देते हुए स्थानीय विधायक विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि आप लोग रोजमर्रा व जनता से जुड़े चीजों को लाने ले जाने का काम करते है। इस धरना प्रदर्शन से आप अपनी बात सरकार तक पहुंचा रहे है। मैं विधायक होने के नाते अपना समर्थन देता हूं व सरकार से मांग करता हूं कि सभी ड्राइवर भाइयों के हित में कानून को वापस ले। इस कानून से आने वाले दिनों में हमारे गरीब ड्राइवर भाइयों को काफी परेशानी होगी। आने वाले समय में मैं और हमारे सभी साथी इस धरना प्रदर्शन को समर्थन देते हुए आपके साथ खड़े रहकर भागीदार रहेंगे।

विगत दिनों मोदी सरकार ने तीन नए कानूनों को पारित किया है। जिसमें ड्राइवरों पर कठोर कार्यवाही करने का प्रावधान, जिसके विरोध में ड्राइवर संघ बीजापुर विगत 1 जनवरी 2024 से तीन दिवसीय स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन कर रही है। इस धरना प्रदर्शन में संघ के तुलसीराम बघेल, राजू यादव, सदाशिव आलम, केशव झाड़ी, संतोष वर्मा, दिलीप जंगम, महेंद्र यादव, देवी प्रसाद वर्मा, मनोज वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## हिट एंड रन कानून, बस, ट्रक व टैंकरों के थमे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

हिट एंड रन के नए कानून को वापस लेने की मांग को लेकर वाहन चालकों की हड़ताल के चलते प्रदेशभर में 1 लाख से ज्यादा बस, ट्रक और टैंकर के पहिए थम गए हैं। इसका असर पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी लाइन के रूप में दिखा। आज सुकमा बस स्टैंड में भी हड़ताल का खासा प्रभाव दिखाई दिया, जिसमें एक यात्री बस को नुकसान पहुंचा है। हालत यह है कि कई पंप बंद हो गए हैं या कई ड्राय हो गए हैं।

ड्राइवर चक्काजाम कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। दूसरे राज्यों से आ रहे वाहनों को भी रोककर आंदोलन में शामिल किया जा रहा है। चक्काजाम को हटाने में पुलिस के पसीने छूट जा रहे हैं। सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष कवासी हरीश ने बताया कि हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में ड्राइवर सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रहे है। उनके समर्थन में परिवहन संघ के 4200 ट्रकों का संचालन बंद रखा गया है, उन्होंने बताया कि नए कानून में बहुत सख्ती बरती गई है। इससे ड्राइवर के परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ जाएगी। केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन के प्रकरण में ड्राइवरों को 10 साल कारावास और 7 लाख जुर्माना का प्रावधान किया गया है। हादसा होने के बाद ड्राइवर के पकड़े जाने पर जुर्म दर्ज होने पर सजा के साथ जुर्माना भी देना पड़ेगा। इस समय जमानती अपराध के तहत जुर्म दर्ज किया जाता है। पकड़े जाने पर 3 से 6 माह सजा, 10 हजार तक जुर्माना और लाइसेंस निरस्तीकरण का प्रावधान है।



- नए कानून से वर्ग विशेष को होने वाली तकलीफ को लेकर केंद्र सरकार को जल्द ही लेना होगा कोई उचित निर्णय : कवासी हरीश

बता दें कि केंद्र सरकार ने हाल ही में सड़क हादसों को रोकने के लिए हिट एंड रन कानून में बदलाव किया है। इस कानून के तहत हिट एंड रन मामले में चालकों के दोषी पाए जाने पर 10 साल का कारावास और 7 लाख रुपये जुर्माने के प्रावधान है। ट्रक, बस और ऑटो चालक इसी कानून के विरोध में हड़ताल पर उतर आए हैं, उनका कहना है कि ये कानून उनके शोषण करने हेतु बनाया गया है और स्थिति ऐसी रही तो हम अपना पेशा ही छोड़ देंगे। जिस प्रकार किसानों के लिए काला कानून बनाया गया था, उसी प्रकार यह भी कानून ड्राइवरों के हित में बिल्कुल भी नहीं है। केंद्र सरकार को इस कानून व्यवस्था में बदलाव कर ड्राइवरों की मांगों को ध्यान में रखते हुए बनाना चाहिए।

# 10 लाख का जुर्माना और 10 साल की सजा गरीबों पर अत्याचार: लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- विपक्ष के सांसदों को सस्पेंड कर लाया गया काला कानून

विधायक लखेश्वर बघेल ने जारी बयान में कहा है कि हाल में ही केंद्र की मोदी सरकार ने वाहन चालकों के लिए जो कानून बनाया है वह पूरी तरह से जनविरोधी, चालक विरोधी और चालकों से उनका रोजगार छीनने वाला है। मोदी सरकार सत्ता के मद में चूर होकर जनविरोधी कानून बना रही है। अपने पूंजीपति मित्रों के इशारे पर किसानों के लिए बनाए गए तीन काले कानून जिसे करीब 650 किसानों की मौत के बाद वापस लेने के बाद हाल में ही करीब डेढ़ सौ विपक्षी सांसदों को सस्पेंड करने के बाद मोदी सरकार ने यह काला कानून संसद में लाया है ताकि लोकतंत्र के मंदिर में कोई इसका विरोध न कर सके। आटा, तेल, दाल और उड्डयन सेवा के बाद देश के पूंजीपतियों की नजर देश की सड़क परिवहन व्यवसाय पर है। जिससे करीब 22 करोड़ वाहन चालक और उनके परिवार का गुजर बसर होता है। इनमें से अधिकांश गरीबी तबके के हैं जिन्हें 10-12 हजार रुपये से ज्यादा मासिक मेहनताना भी नहीं मिलता। नये काले कानून के तहत दुर्घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार होने, घायल को अस्पताल नहीं पहुंचाने पर चालकों पर दस लाख रुपये जुर्माना और दस साल की सजा का प्रावधान रखा गया है। यह गरीबों पर अत्याचार है क्योंकि वाहन चालकों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे दस लाख का जुर्माना भर सके। कोई भी वाहन चालक जानबूझकर दुर्घटना करता नहीं तो दो साल की सजा को बढ़ाकर दस साल करना एक तरह से कानून का दुरुपयोग है। कांग्रेस पार्टी और सम्पूर्ण विपक्ष चालकों के खिलाफ लाए गए इस काले कानून का पुरजोर विरोध करेगी।



## कोण्टा, दोरनापाल में चालक संघ ने किया एनएच में प्रदर्शन

# चालकों के हड़ताल का दिखा व्यापक असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्टा



देश भर में यातायात परिवहन एवं ट्रक चालकों, टैक्सी चालकों के हिट एंड रन कानून का विरोध का असर कोण्टा नगर तथा दोरनापाल नगर में भी देखने को मिला।

चालकों के हड़ताल पर चले जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में चलने वाली सभी ट्रेवल्स के बसों के पहिए थम गए है। जिसके चलते यात्रियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कोंटा नगर के अंतर्राज्यीय बस स्टैंड परिसर के ठीक सामने राज मार्ग पर बस चालकों व टैक्सी चालकों ने प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध जताया। वहीं दोरनापाल नगर में भी इस कानून का विरोध करते हुए चालक संघ दिखाई दिए। हालांकि कुछ टैक्सियां सुकमा से कोण्टा तक चलते हुए, लोकल स्तर के यात्री परिवहन करते दिखे। किंतु तीन राज्य आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व छत्तीसगढ की ओर परिवहन होने वाले बसों का संचालन पुरी तरह बंद दिखा।

चालकों ने अपना प्रदर्शन करते हुए तत्काल केंद्र सरकार को इस कानून को वापस लेने की मांग करते हुए विरोध जताते अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा है। चालकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन नजर बनाए हुए थी, और लंबे समय तक राज मार्ग को बाधित नहीं होने दिया। बावजूद इस कानून को लागू करने को लेकर वाहन चालकों में रोष व्याप्त है।

# शीतला माता मंदिर में हुआ सालाना जात्रा कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

**आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जुटे लोग**

नगर के शीतला माता मंदिर में वार्षिक जात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ब्लाक मुख्यालय के अलावा दंतेवाड़ा, बारसूर, समलूर, रोंजे, छिन्दनार, घोटपाल, कासोली, जैसे दूर-दराज इलाकों से भी लोग पहुंचे।

इस मेले में आस-पास के व्यापारी अपनी दुकान लगाते है, जिसमें ग्रामीण अपने जरूरत का सामान खरीदते है। परम्पराओं के चलते भी जात्रा में पहुंचने वाले लोग कुछ न कुछ सामान अवश्य खरीदते है। गौरतलब है कि बस्तर अंचल में जात्रा का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इसमें ग्रामीण अपने देवी-देवताओं के साथ एकत्रित होते है और इन जात्राओं में क्षेत्र के विकास और खेती-बाड़ी में समृद्धि की कामना की जाती है। मंदिर के पुजारी के मुताबिक माता के सम्मान में यह उत्सव शुरू किया गया था, जहां चेचक सहित अन्य बीमारियों से निदान की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाती है। मेले में पहुंचने वाले ग्रामीण माता के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित करने के लिये चढ़ावा के रूप में नारियल, फल व अन्य चीजें माता को अर्पित करते है, और माता के प्रसाद को लोग अपने घर भी ले जाते है।

गीदम ब्लाक में स्थित शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष मंगलवार को आयोजित होने वाली सालाना जात्रा का इस वर्ष भी बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुआ। सुबह से ही माता मंदिर में विशेष पूजा-अनुष्ठान का आयोजन किया गया। माता के दर्शन के लिये दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा।

### आज होगा जात्रा का समापन

इस वर्ष शीतला माता जात्रा में प्रथम दिन 1 जनवरी को शीतला माता मंदिर गीदम में जात्रा कलश की स्थापना की गई। वहीं दूसरे दिन गांवदई पूजा व धनिया में उसेंडी डोकरा देव की पूजा की गई। इसके पश्चात शीतला माता की पूजा की गई व देव खेलनी रस्म अदा की गई। वहीं शाम को पदम पुराण, उड़िया नाट व आदिवासी नृत्य का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह देव विदाई व ध्वजा उतारनी रस्म के साथ जात्रा कार्यक्रम का समापन होगा।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## संभाग के 6 सहायक ग्रेड-2 बने सहायक अधीक्षक

**जगदलपुर।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्याम धावड़े द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर संभाग के विभिन्न जिलों में पदस्थ 6 सहायक ग्रेड-2 को सहायक अधीक्षक के रिक्त पदों पर पदोन्नत करते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक नवीन पदस्थापना दी गई है। जिसके तहत सूर्यकांता राव जिला कार्यालय बस्तर को जिला कार्यालय बस्तर, एमएम जोशी जिला कार्यालय बस्तर को जिला कार्यालय बीजापुर, डीएस शांडिल्य जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा को कार्यालय आयुक्त बस्तर संभाग जगदलपुर, आशा कुंजाम जिला कार्यालय कांकेर को जिला कार्यालय नारायणपुर, शरद कुमार शर्मा जिला कार्यालय कांकेर को जिला कार्यालय कोण्डागांव तथा तरुण कुमार अड़पवार जिला कार्यालय कांकेर को कार्यालय आयुक्त बस्तर संभाग जगदलपुर पदस्थ किया गया है। पदोन्नत कर्मचारियों को 15 जनवरी 2024 तक कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य है, कार्यभार ग्रहण नहीं करने की स्थिति में यह आदेश स्वतः निरस्त माना जावेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### पेट्रोल-डीजल टैंकर परिवहन नहीं होने से अतिरिक्त स्टॉक की बनी समस्या

# ड्राइवर हड़ताल से पेट्रोल डलवाने लगी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हिट एंड रन कानून को लेकर भारी वाहन चालक देशभर में चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। हड़ताल की वजह से वाहनों में पेट्रोल-डीजल भराने के लिए पंपों में लंबी कतारे लग रही है। शहर और सभी जिलों में पेट्रोल और डीजल की किल्लत प्रदर्शन के दूसरे दिन भी दिखाई पड़ा।

परिस्थितियों पर कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित प्रशासन अलर्ट है और लगातार समीक्षा की जा रही है। मंगलवार को कलेक्टर ने जिले के थोक एवं खुदरा व्यापारियों की एक बैठक लेकर खाद्यान्न सामाग्री के अतिरिक्त स्टॉक पर जानकारी लेते आवश्यक निर्देश दिए, ताकि आमजनों को खाद्यान्न की समस्या न हो। इधर जिले के पेट्रोल पंपों में अभी पर्याप्त स्टॉक आम जनों के उपयोग के लिए उपलब्ध है,लेकिन एक-दो दिन से अधिक प्रदर्शन जारी रहा तो लोगों को पेट्रोल-डीजल की किल्लत से परेशानी होगी। लोगों को अफवाहों पर ध्यान ना देने और जरूरत के हिसाब से ही वाहनों में ईंधन भरवाने की अपील कलेक्टर ने की है उन्होंने अपवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। बस्तर जिले में लगभग 40 अलग-अलग ऑयल कम्पनी के पेट्रोल-डीजल पम्प है। जहां से



प्रतिदिन हजारों लीटर पेट्रोल-डीजल की खपत होती है। इंडियन ऑयल,भारत पेट्रोलियम समेत दो निजी कम्पनी रिलायंस और एस्सार की कुछ एजेंसी है।

### कहीं 20 हजार तो कहीं 35 हजार लीटर

उल्लेखनीय है कि शहर और हाइवे में स्थित दर्जनों पेट्रोल पम्प है। लेकिन हर जगह पेट्रोल और डीजल टैंक की क्षमता अलग-अलग है। अनुपमा चौक स्थित बालाजी पेट्रोल पंप के संचालक मनीष जायसवाल ने बताया उनके पंप में 20-20 हजार लीटर क्षमता के अंडर ग्राउंड टैंक है। हर 4 से 5 दिन में टैंकर के जरिये स्टॉक डंप किया जाता है। शहर के आधा दर्जन से अधिक पम्पो में 35 से 40 हजार लीटर क्षमता के टैंक है। यदि एक दो दिन और प्रदर्शन हो गया तो पेट्रोल-डीजल की किल्लत रहेगी।

### अधिकारी ऑयल कम्पनी के सम्पर्क में

ईंधन की निरंतर आपूर्ति के लिए जिला खाद्य अधिकारी लगातार ऑयल वितरण कंपनियों से संपर्क में है। बस्तर जिले के सभी पेट्रोल पंपो में ऑयल कंपनियों द्वारा निरंतर डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति की जा रही है। हालांकि सभी को एक साथ ज्यादा मात्रा में पेट्रोल नहीं देकर एक अथवा दो लीटर पेट्रोल दिया जा रहा है। आइल वितरण कंपनियों के पेट्रोल पंप संचालकों ने आगे भी जनहित और जन उपयोग के लिए ईंधन की आपूर्ति किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होने का आश्वासन प्रशासन को दिया है।

## चालकों के आंदोलन में शामिल हुए पूर्व विधायक रेखचंद



**जगदलपुर।** पूर्व विधायक रेखचंद जैन व शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य सहयोगियों के साथ मंगलवार को माड़नि चौक पहुंचे। उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा लाए गए भारतीय न्याय संहिता की धारा 279 को जन विरोधी तथा परिवहन व्यवसाय व आम लोगों के लिए प्रतिकूल बताते चक्का जाम कर रहे वाहन चालकों-मालिकों को समर्थन दिया। ज्ञात हो कि इस कानून के खिलाफ चालकों ने दो दिन से मोर्चा खोल रखा है। प्रभावितों को संबोधित करते जमकर नारेबाजी की गई। कहा कि इस कानून से चालकों को बेवजह परेशान करने केंद्र सरकार की नियत दिखती है। किसी भी वाहन को चलाने वाला कभी नहीं चाहता कि कोई दुर्घटना घटित हो। यदि आकस्मिक तौर पर भी ऐसा होता है तो इसकी सजा उसे भुगतने कानून बनाया गया है। केंद्र की भाजपा सरकार को तत्काल राष्ट्रहित में इस कानून को वापस लेना चाहिए। इस दौरान परमजीत सिंह जसवाल, संतोष सिंह, महेश द्विवेदी, अनुराग महतो, जाहिद हुसैन, अल्ताफ खान, विजेंद्र ठाकुर, अभिषेक नायडू, अजय उसेंडी, मनोज यादव, आदर्श दलई, राकेश चौधरी, समाज सेवी निर्मल लोढ़ा मौजूद थे।

### आम जनता को परेशानी में डालने वाला कानून न बनाए भाजपा सरकार

**जगदलपुर।** पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार आम जनता को परेशानी में डालने वाला कोई भी कानून न बनाए। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार से यह अपील भी है कि वह समस्त उपभोक्ता



वस्तुओं की आपूर्ति पूर्व के समान सतत रूप से सुनिश्चित करे। जारी बयान में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिट एंड रन को रोकने जो कानून लाया है, वह जल्दबाजी में बिना चर्चा के लाया गया है। कानून बनाने की केंद्र सरकार की यह प्रवृति निन्दनीय है। हड़बड़ी में लाए गए इस कानून के लिए चालक-मालिक संगठनों से भी चर्चा करना मोदी सरकार ने मुनासिब नहीं समझा। ऐसा लगता है जैसे मोदी सरकार ने नए साल में आम जनमानस को परेशान करने का उपहार दिया है। आम उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति पर हड़ताल से विपरीत असर पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल, दूध, सब्जी, दाल, चावल व अन्य जरूरी चीजों के लिए जनता भटक रही है। कालाबाजारी की समस्या से भी जनता जूझ रही है। उन्होने प्रदेश सरकार से दैनन्दिनी की समस्त चीजों की यथावत आपूर्ति बहाल करने के ठोस उपाय करने का आग्रह किया है। साथ ही जनहित में इस काले कानून को शीघ्र वापस लेने की मांग की है।

# जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा नगर

- अयोध्या से आए अक्षत व भगवान राम की फोटो के साथ घर-घर पहुंचकर दिया आमंत्रण
- नगरवासियों ने आरती व पुष्प वर्षा करके आमंत्रण पत्र किया स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





जिले में 1 जनवरी से गृह संपर्क अभियान के तहत आमंत्रण देने का कार्य शुरू किया गया। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी। इसके लिए अयोध्या से सभी को आमंत्रण देने के लिए पूजित अक्षत भेजा गया हैं। सोमवार को माहेश्वरी पारा स्थित गायत्री मंदिर में भगवान राम का रथ पहुंचा।

जहां पूजा-अर्चना के साथ आरती करके आमंत्रण देने का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में राम भक्त मौजूद रहें। जिला मुख्यालय में माहेश्वरी पारा स्थित गायत्री मंदिर से अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण देने का कार्य शुरू किया गया। जैसे ही भगवान राम का रथ गायत्री मंदिर पहुंचा, वैसे ही जय श्री राम के नारे लगने लगे, इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। सबसे पहले भगवान राम की आरती की गई। तत्पश्चात घर-घर पहुंचकर आमंत्रण देने का कार्य शुरू किया गया। वहीं 22 जनवरी को भी जिला मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसकी तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इस दौरान आशीष दुबे, धनीराम बारसे, गुप्तेश्वर गंगबेर, मुन्ना राम, अरुण सिंह भदौरिया, भीखमचंद राठी, भोमराज टाटिया, भुवनेश्वरी यादव, राजेंद्र जैन, भंवरलाल टावरी, राजकुमार लोहिया, शैलेंद्र भदौरिया, नूपुर वैदिक, निलेश जैन, ललित गांधी, अनिल टावरी, रंजीत बारठ, दीपक गुप्ता, पवन शाह सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

### आरती करके आमंत्रण किया स्वीकार

गृह संपर्क अभियान के तहत अक्षत व भगवान राम की फोटो के साथ आमंत्रण देने का कार्य शुरू हुआ, इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। ढोल नगाड़ों के साथ समिति द्वारा घर-घर पहुंचकर आमंत्रण दिया जा रहा था। इस बीच सभी घरों के बाहर पहले से महिलाएं आरती लेकर खड़ी थी। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आरती करके सभी ने आमंत्रण स्वीकार्य किया।

### दीपावली की तरह मनाए यह पर्व

समिति ने सभी से आग्रह करते कहा कि हम सभी सनातनियों के लिए उत्साह व उमंग का समय हैं। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली हैं। इस दिन को सभी दीपावली के रूप में मनाए, अपने-अपने घरों में 22 जनवरी को दीए जलाए। आस-पास के मंदिरों में भी पहुंचकर दीए जलाए। रोजाना सुबह-सुबह उठकर समूह में भजन कीर्तन करते हुए वार्डों में भ्रमण करें।

# कालोनी के रहवासियों ने बैडमिंटन स्पर्धा में आजमाया हाथ, फीट रहने के सिखाये गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



फिट इंडिया को सार्थक करने के उद्देश्य से रहवासी ऐसा खेल स्पर्धा कराने पर निर्णय लिए जिसमे हर वर्ग के प्रतिभागियों को खेलने का अवसर मिले। बेडमिंटन स्पर्धा पर सभी सदस्यों की सहमति बनी। स्पर्धा में विजय प्रतिभागियों को उचित पुरुस्कार और सम्मान किया गया।

- धरमपुरा में हुई स्पर्धा में प्रतिभा को आगे लाने हर वर्ष स्पर्धा

साथ ही इस प्रतियोगिता के सफलता के बाद इसे हर वर्ष करने का निर्णय लिया गया।

आयोजन समिति की सतरूपा मिश्रा ने बताया स्पर्धा में 8 वर्ष आयु वर्ग से प्लस 55 आयु वर्ग के प्रतिभागी सम्मलित हुए। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर धरमपुरा स्थित अनन्या एनक्लेव कालोनी में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 3 कैटेगरी में किया गया।

इस आयोजन में संजय सरकार, परमानंद देवांगन, परमेश्वर ठाकुर, मुकेश मिश्र, सतीश लोंहारे, शुभांशु झा, डॉ .विजय शर्मा, नेरला जी, तोरण हिरवानी, अमित पॉल, अनिल देवांगन साथ ही वहां की नारी शक्तियों ने अपना योगदान दिया। बच्चों में शुभी झा, पार्थ शर्मा, अमोल, अयान दास ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। 9 वर्ष तक के वर्ग में तनिष्का लोंहारे, केशू देवांगन ,महिला वर्ग में भारती देवांगन एवं तूलिका शर्मा, पुरुष वर्ग में तोरण हिरवानी एवं अमर सिंह ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि यह खेल प्रतियोगिता बच्चों में हार जीत से ऊपर उठ कर खेल के प्रति रुझान और मनोरंजन के लिए आयोजित किया गया है, साथ ही छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास है। खेल के बाद सभी विजेता और उप विजेता को पुरस्कृत किया गया। 2 दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन 31 दिसंबर को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

## आश्रम पहुंचकर बुचिया साधुओं से किरण देव ने लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधायक बनने के बाद नगरनार क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचे किरण देव ने सोमवार को नगरनार स्थित आश्रम में पहुंचकर बुचिया साधुओं से आर्शिवाद लिया। अलेख महिमा से जुड़े बुचिया साधु टाट का वस्त्र पहनकर सादा जीवन जीते हैं। गरीबों और वनवासियों की सेवा में उनका जीवन कटता है। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल भी बुचिया साधुओं के कार्यक्रमों में हमेशा नजर आते हैं। किरण देव ने आर्शिवाद प्राप्त कर आश्रम के लिए कुछ करने की इच्छा व्यक्त की है।

# विभागीय दायित्वों का बेहतर ढंग से करें निर्वहन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने सभी अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और अपने विभागीय दायित्वों व कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने की आशा व्यक्त की। इस दौरान सभी अधिकारियों ने कलेक्टर विजय का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया।

बैठक में कलेक्टर ने आकांक्षी जिला और विकासखंड के पैमानों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रूट प्लान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। संकल्प शिविर के डाटा का आनलाईन अपडेट करवाएं हेतु सभी जनपद सीईओ को सुनिश्चित करने कहा गया। साथ ही शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करवाने पर जोर दिया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में भी चर्चा किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के दर्ज बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनाने का एसडीएम द्वारा परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## स्कूल ने सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान...



**जगदलपुर।** बस्तर वाली इंग्लिश मीडियम के नन्हे बच्चों और प्रिंसिपल डायरेक्टर शिक्षक सभी ने सफाई कर्मचारियों का तिलक लगाकर सम्मान किया और सफाई कार्य के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों को सफाई जागरूकता और स्वच्छता के विषय में समझाया गया और तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ, मिठाई देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पार्षद बलराम यादव, स्कूल की डायरेक्टर रीता माने, प्रिंसिपल अनिल श्रीवास्तव और विद्यार्थी शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## स्वच्छता दीदियों का पुष्प गुच्छ से सम्मान...



**जगदलपुर।** नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी की पहल से नववर्ष में घर-घर पहुंचकर कुड़ाकरकट इकट्ठा करने वाली स्वच्छता दीदियों का सम्मान वार्डवासी कर रहे हैं। 2 जनवरी को महारानी वार्ड में जब कचरा गाड़ी पहुंची तो वार्डवासी रेखा राणा और विवेक रावल ने स्वच्छता दीदियों का पुष्प गुच्छ से सम्मान किया।

## अंदरूनी ग्राम पंचायतों में पहुंची योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन मंगलवार को कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले के अंदरूनी इलाकों के ग्राम पंचायतों में पहुंची। जिसके अंतर्गत बस्तर विकासखंड के कुरुषपाल, घोटिया और नारायणपाल, दरभा विकासखंड के डिलमिली-2 एवं काटाकादा, जगदलपुर ब्लॉक के पंडरीपानी और बिरिंगपाल तथा लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के मारडूम एवं बदरेंगा सहित बकावंड ब्लॉक के कुम्हरावंड एवं बारदा में पहुंची और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई,साथ ही बच्चों ने क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा शपथ लिया गया।




